तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.3 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 एसपी ने धरोना थाने का किया वार्षिक निरीक्षण



12 72 घंटे में 62 बस व ट्रक समेत 256 वाहनों पर...



## खबर संक्षेप



### मृत हिरण का हुआ अंतिम संस्कार

**जगदलपुर/दरभा।** बस्तर की जैव विविधता से भरपूर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में हिरण की मौत हुई। शुक्रवार को स्थानीय लोगों की उपस्थिति में हिरण का अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले पर उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी ने बताया कि दरभा जंगल से घायल अवस्था में एनएच 30 पर हिरण आ गया था। जब स्टॉफ को पता चला तो मौके पर पहुंच कर जगदलपुर अस्पताल पहुंचाया पर हिरण की मौत हो चुका था। हिरण को तीर मार कर घायल किया गया था। तीर बरामद हो गई है, शिकारी की तलाश जारी है और सूचना देने वालों को उद्यान के निदेशक की ओर से दस हजार रुपया इनाम दिया जाएगा।

### डीईओ से वरिष्ठता सूची को लेकर मिला फेडरेशन



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला बस्तर के प्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल से भेंट कर जिले के शिक्षकों की विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा किया। सहायक शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों की 1 अप्रैल की स्थिति में वरिष्ठता सूची का जल्द प्रकाशन साथ ही साथ जिले के शिक्षकों का सेवा पुस्तिका संधारण,सत्यापन एवं सीजीपीफ पास बुक का संधारण करने जिस पर डीईओ बीआर बघेल ने सभी प्रकार के समस्याओं का समाधान करने की बात कही । जिस पर पदाधिकारीयों के द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवराज खूंटे,जिला सचिव गणेश्वर नायक, प्रदेश महामंत्री काशीनाथ बघेल,जिला सहसचिव एस एस जान,लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कमलसाय कश्यप , लोहंडीगुड़ा ब्लॉक उपाध्यक्ष अनिल मरकाम उपस्थित थे।

### चायकुर में हुआ स्वास्थ्य और जागरुकता शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम



नेतानार अंतर्गत ग्राम चायकुर में आयुष विभाग के शासकीय आयुर्वेद औषद्यालय के पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विजय तिवारी द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ कैम्प के जनरैल सिंह एवं ग्रामीण शामिल रहे। शिविर की शुरूआत भगवान धन्वन्तरी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति लोगों की रूचि बढ़ गई है और रोगों का स्थायी समाधान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में ही है। शिविर में सीएचओ लाजवंती, औषद्यालय सेवक चिगडुराम सेठिया, स्कूल के बच्चे एवं शिक्षिकाएं शामिल रहे।

### स्वच्छता जागरूकता अभियान के पांचवें दिन भी डोर-टू-डोर संपर्क जारी

**जगदलपुर।** नगर निगम का यह प्रयास है कि हर वार्ड,हर गली और हर बाजार स्वच्छ और सुंदर बने,और इसके लिए जनता का सहयोग आवश्यक है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के पांचवें दिन शहर के संजय मार्केट हनुमान मंदिर से डोर-टू-डोर संपर्क अभियान की शुरूआत की गई।

# विकास और निर्माण कार्यों के लिए सांसद ने दी नगरनार क्षेत्र में लाखों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने शुक्रवार को नगरनार ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 76.68 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीणों को सुदृढ़ आधारभूत संरचना,बेहतर आवागमन सुविधा और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के विकास की दिशा में बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत गारावंडखुर्द में सीसी सड़क और माता

## बेहतर आवागमन सुविधा और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के विकास की दिशा में पहल





गुड़ी,खम्हारगाँव में सीसी सड़क एवं बूढ़ादेव गुड़ी,माड़पाल में माता गुड़ी और सीसी सड़क निर्माण कार्यों की शुरूआत की गई। वहीं मारकेल,शिवनागुड़ा और आंजरगुड़ा में चार सीसी सड़कों का भूमिपूजन कर ग्रामीण संपर्क मार्गों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगरनार में राम मंदिर के समीप सीसी सड़क का निर्माण भी स्वीकृत किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास ही उनका संकल्प है और वे प्रत्येक गांव और हर नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों, धार्मिक स्थलों और ▶▶|शेष पेज 10 पर

## विरोध : आदिवासी बेटियों की सुरक्षा के सवाल पर दोनों दल मुखर

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का विहिप, बजरंगदल ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सांसद महुआ की सदस्यता रद्द करने की मांग

बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता और आदिवासी बेटियों की सुरक्षा के मुद्दे पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने एक मुखर और निर्णायक रुख अपनाया है। दोनों संगठनों ने एक साझा मांगपत्र के माध्यम से राष्ट्रपति, गृह मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और पुलिस महानिदेशक को संबोधित करते हुए क्षेत्र की संवेदनशीलता और बढ़ते खतरे की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

ज्ञापन में विशेष रूप से यह चिंता व्यक्त की गई है कि बस्तर जो कि संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के अंतर्गत संरक्षित आदिवासी क्षेत्र है, वहां सुनियोजित ढंग से अन्य राज्यों से आये और बांग्लादेशी मूल के विशेष धर्मावलंबियों का प्रवेश हो रहा है। ये लोग आदिवासी समाज की भोलीभाली बेटियों को प्रेम, विवाह और नौकरी का झांसा देकर शारीरिक व मानसिक शोषण कर रहे हैं। कोंडागांव में कुछ माह पूर्व का मामला इसी षड्यंत्र की एक ▶▶|शेष पेज 10 पर



### आदिवासी अस्मिता पर गहरा संकट उत्पन्न

विहिप एवं बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि इस सुनियोजित सामाजिक और सांस्कृतिक षड्यंत्र पर शीघ्र रोक नहीं लगी,तो आने वाले समय में बस्तर की पहचान,जनसंख्या संतुलन और आदिवासी अस्मिता पर गहरा संकट उत्पन्न हो सकता है।

### मोइत्रा का बयान गैर जिम्मेदाराना

*इस घटना पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा दिया गया बयान, विहिप और बजरंग दल ने गैर-जिम्मेदाराना, तथ्यहीन और सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने वाला करार दिया। दोनों संगठनों का मानना है कि महुआ मोइत्रा का बयान न केवल आदिवासी हितों के खिलाफ है, बल्कि वह परोक्ष रूप से अपराधियों को संरक्षण देने जैसा है। ज्ञापन के माध्यम से संगठनों ने सरकार से पांच अहम मांगें रखीं हैं, जिनमें सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए तथा उनके खिलाफ एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत सह-अभियुक्त के रूप में कानूनी कार्यवाही हो। इसके अतिरिक्त, पूरे प्रकरण की जांच एनआईए अथवा सीबीआई जैसी राष्ट्रीय एजेंसियों से करवाई जाए। बस्तर क्षेत्र में विशेष धर्म के बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा गैर-आदिवासी से विवाह करने वाली आदिवासी महिलाओं का अनिवार्य पंजीयन कर उनके आरक्षण और विशेषाधिकारों की समीक्षा की जाए।*

# मालगाड़ी फर्राटे से दौड़ रही, यात्री गाड़ियों के लिए केके लाइन खतरा









हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रेल प्रशासन लौह अयस्क परिवहन से अरबों का मुनाफा कमा रही
- अंचल के ओड़िया, बंगाली, पूर्वांचल और आंध्रप्रदेश के लोगों में आक्रोश

किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन के मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के बीच भूस्खलन 2 जुलाई को हुआ था, 4 जुलाई को बंद केके लाइन बहाल हो गया और लौह अयस्क का परिवहन प्रारम्भ हो गया। लेकिन 16 दिनों के बाद भी यात्री ट्रेनों को स्थगित रखा गया है। लौह अयस्क परिवहन से रेलवे को परिवहन भाड़ा के रूप में अरबों रुपये का मुनाफा हो रहा है। इसलिए अधिकारी माल परिवहन पर ज्यादा जोर देते है। यात्री ट्रेनो से लोगों को होने वाले परेशानियों से रेल अधिकारियों को कोई चिंता नही। बस्तर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### हावड़ा जाने वाली सम्लेश्वरी एक्सप्रेस 24 जुलाई तक स्थगित

*विशाखपटनम रेल मंडल ने 17 जुलाई को जारी नए आदेश मे किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनो को 22 से 24 जुलाई तक स्थगित रखने जारी किया है। खासकर जगदलपुर से हावड़ा जाने वाली सम्लेश्वरी एक्सप्रेस को आगामी 24 जुलाई तक स्थगित रखा गया है। जबकि जगदलपुर से भुवनेश्वर आने-जाने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस को 23 जुलाई तक, जगदलपुर से राउरकेला आने-जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को 23 जुलाई तक,किरन्दुल से विशाखपटनम पैसेंजर को 23 जुलाई तक, किरन्दुल से विशाखपट्नम आने-जाने वाली नाईट एक्सप्रेस को 23 जुलाई तक स्थगित किया गया है।*

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर जोर, वरिष्ठ शिक्षाधिकारियों की स्कूलों पर पैनी नजर

जिला परियोजना समन्वयक ने किया लोहंडीगुड़ा और बस्तर विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए बस्तर जिले के जिला परियोजना समन्वयक डीपीसी अखिलेश मिश्रा ने लोहंडीगुड़ा में संकुल केंद्र बेलर व संकुल केंद्र टाकरागुड़ा और बस्तर विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति, पाठ्य पुस्तकों और अन्य शिक्षण सामग्री की उपलब्धता की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने बेसलाइन मूल्यांकन की तैयारी और एफएलएन किट के उपयोग के साथ-साथ अभ्यास पुस्तिकाओं की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें और लर्निंग आउटकम के आधार पर ही अध्यापन कार्य करें। इसके अतिरिक्त, विनोबा ऐप में नियमित उपस्थिति एंट्री, एफएलएन किट और अभ्यास पुस्तिकाओं का प्रभावी उपयोग, तथा सभी शिक्षकों में लर्निंग आउटकम की समझ विकसित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बेसलाइन मूल्यांकन के लिए छात्रों की तैयारी और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ऑनलाइन एंट्री को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश भी दिए।

### प्रगति की समीक्षा की गई

निरीक्षण के बाद अखिलेश मिश्रा ने खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक और सभी संकुल शैक्षिक समन्वयकों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में शिक्षा विभाग की प्रगति की समीक्षा की गई और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, विकासखंड के सभी स्कूलों के सुचारु संचालन,और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विकासखंड स्तर पर एक टीम बनाकर औचक निरीक्षण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जल आवर्धन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, महापौर ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत प्रमुख पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण बीते लम्बे समय से कुछ वार्डों में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम महापौर संजय पाण्डे ने आज नगर निगम के जनप्रतिनिधियों व आयुक्त के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संजय पाण्डे ने संबंधित को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता पर लेकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को और अधिक असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने बताया शहर के अलग-अलग चार स्थानों पर जल आवर्धन योजना के तहत बिछाए गए पाइप लाईन क्षतिग्रस्त हो जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित है। जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। इस बात की जानकारी उन्हें मिलते ही वह अपनी टीम के साथ सबसे पहले स्थानीय सर्किट हॉउस डीजी बंगला के सामने पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मरम्मत कार्य 2 दिन के अंदर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मालूम हो कि सर्किट हाऊस रोड,सांसद निवास के सामने, पावर हाउस चौक व फिल्टर प्लांट इन चार स्थानों पर पाईप लाईन छतिग्रस्त हो जाने से लंबे समय से यहाँ पेयजल आपूर्ति बाधित है। पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और प्रभावित इलाकों में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी की आपूर्ति भी की जा रही है। नगर निगम आम नागरिकों से अपील करता है कि वे धैर्य बनाए रखें, निगम पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रहा है और जल्द ही जल आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद उमा मिश्रा, पितामह नायक, रोशन सिसोदिया, गौतम पाणिग्रही उपस्थित रहे।

## बाल संरक्षण गृह में नशा मुक्त भारत एवं तम्बाकू मुक्त बस्तर पर जागरुकता कार्यशाला

# बच्चों को नशा से दूर रहने और एक अच्छा इंसान बनने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशामुक्त भारत अभियान एक युद्ध नशे के विरुद्ध राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम कोटपा अधिनियम के जिला टास्क फोर्स के सदस्यों व ब्रह्मकुमारी संस्था के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

राज्य सरकार के आदेशानुसार जिला बस्तर कलेक्टर एस हरीश के निर्देश एवं अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के सहयोग से जिला प्रशासन टास्क फोर्स समिति और राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने बाल संरक्षण गृह में नशा मुक्त भारत एवं तम्बाकू मुक्त बस्तर कार्यक्रम के तहत नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम और मानव जीवन व समाज में होने वाले




अपराध के बारे में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्म कुमारी संस्था से दीदी मंजूषा द्वारा बच्चों को नशा से दूर रहने और एक अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। समाज कल्याण विभाग से नोडल मुकेश वासनिक और दयाल दास मानिकपुरी ने सभी बच्चों और कार्यक्रम में शामिल समस्त अधिकारी कर्मचारी को नशा मुक्त भारत के लिए शपथ दिलवाया गया। शिक्षा विभाग से जिला नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके ने बच्चों को नशा के सेवन से शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की जानकारी देते हुए संरक्षण गृह संस्था से निकलने से पहले ही एक अच्छा इंसान बन कर निकले समझाया। आबकारी विभाग से नोडल सुरेश पुरैना ने गीत के माध्यम नशा के दुष्प्रभाव को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण गृह की अधीक्षिका एलिजाबेथ टोप्पो ने बच्चों के नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्रह्म कुमारी संस्था एवं जिला टास्क फोर्स समिति का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति से स्वास्थ्य विभाग से जिला नोडल अधिकारी यूएस साहू जिला तम्बाकू नियंत्रण सेल,शिक्षा विभाग से जिला नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके,महिला बाल विकास विभाग से नोडल शैलेन्द्र श्रीवास्तव,आबकारी विभाग से सुरेश पुरैना,समाज कल्याण विभाग से भारत वाहिनी नशा मुक्त अभियान से जिला नोडल मुकेश ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बहनों की भावनात्मक पहल

# रक्षाबंधन पर महिला मोर्चा सरहद पर तैनात जवानों को भेजेगी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बहनों ने एक विशेष पहल करते हुए सरहद पर तैनात देश के वीर जवानों को राखी भेजने का निर्णय लिया है। यह कदम भाई-बहन के इस पावन पर्व को देशभक्ति की भावना से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। महिला मोर्चा की बहनों ने सैकड़ों राखियां एकत्र की हैं, जिन्हें भारतीय सेना के माध्यम से सीमावर्ती इलाकों में तैनात सैनिकों तक पहुँचाया जाएगा। इसके साथ ही सैनिकों के नाम संदेश-पत्र और मिठाइयां भी भेजी जाएँगी। जगह-जगह से राखियां एकत्र कर महिला मोर्चा की बहनें उसे सुरक्षित रख रही हैं। महिला स्व सहायता समहू ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने भारतमाला ट्विन टनल का किया अवलोकन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज भारत माला परियोजना के तहत निर्माणाधीन रायपुर विशाखापत्तनम एक्सप्रेस वे पर जिले के बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम कोसमी में बन रही ट्विन टनल का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ टनल के अंदर जाकर निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। गुणवत्ता पूर्ण कार्य के साथ निर्माण कार्य के दौरान सभी कर्मचारी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही दुर्घटना और आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और फायर सेफ्टी के लिए भी निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मिलन संघ आड़ावाल में द्विवार्षिक चुनाव सुब्रतो निर्विरोध बने अध्यक्ष



**जगदलपुर।** मिलन संघ के द्विवार्षिक कार्यकारिणी के लिए नामांकन हुआ। जिसमे अपना पैनल ने नामांकन जमा किया। अध्यक्ष के लिए सुब्रतो विश्वास,उपाध्यक्ष संजय गुप्ता,रमन राय,सचिव अमित दास, कोषाध्यक्ष चैतन दास,सयुक्त सचिव समित देव,अमित देव एवम कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुप्तेश्वर नायडू,प्रवीर पाल ने नामांकन जमा किया। निर्धारित समय में अन्य कोई नामांकन जमा नही हुआ।चुनाव अधिकारी मणिलाल सरकार,चंदन चक्रवर्ती ने सभी नामांकन की समीक्षा करने के पश्चात सभी को वैध पाया। इस प्रकार सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। ततपश्चात निर्वाचित पदाधिकारियो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर तत्कालीन श्याम घोष समेत तपन राय,वासुदेव हालदार,संजय सरकार,संजय घोष,नरेश बरोई,शिप्रा जाना,रीता नाथ,गोपाल दास,गोपाल घोष,राजू विश्वास,दीपक दास,करुणाकर,देबू दास,विजय जाना,दिनेश जाना,गोविंद भट्टाचार्य,शांति सरकार,विशाल विश्वास,जय आनंद,प्रसाद राव,तपन दास,राजेश घोष,रवि साहा,सपन घोष,संजय जाना,असीम गाई न ,रिक्की साहा, व अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

### 21 से 23 जुलाई तक जिला स्तरीय कौशल तिहार 2025 का होगा आयोजन

**कोण्डागांव।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय कौशल तिहार 2025 प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई 2025 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में वर्ष 2023 से वर्तमान तक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित और प्रशिक्षणरत हितग्राही अपने–अपने ट्रेड के अनुसार हिस्सा ले सकते हैं। 21 जुलाई 2025 ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, इलेट्रिकल इंस्टॉलेशन, हेल्थ एंड सोशल केयर, प्लंबिंग एंड हीटिंग ट्रेड के लिए प्रतियोगिता।

## बिजली ऑफिस का घेराव, ईडी का पुतला दहन

# कोंडागांव में बिजली बिल बढ़ोतरी और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी भाजपा सरकार के गठन के बाद से लगातार बिजली कटौती और बिजली बिल की दरों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर आई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 15 जुलाई को पूरे प्रदेश में प्रेस वार्ताएं आयोजित कर सरकार की जनविरोधी नीतियों का खुलासा किया गया। इन वार्ताओं में बताया गया कि भाजपा सरकार किस प्रकार से आम जनता की जेब पर डाका डाल रही है।

कांग्रेस के आह्वान पर 16 से 18 जुलाई तक छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉकों में बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। कोंडागांव जिले में विभिन्न ब्लॉकों में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार बिजली बिल की दरों में हुई वृद्धि को वापस नहीं लेती और बिजली कटौती नहीं रोकती, तो 22 जुलाई मंगलवार को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुनः बड़ा घेराव किया जाएगा। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा मैं नेता बाद में हूं, पहले एक आदिवासी किसान हूं। भाजपा सरकार को किसानों, गरीबों, मजदूरों और आम जनता की पीड़ा नजर नहीं आती। बिजली दरों की वृद्धि का सीधा असर हर उपभोक्ता की जेब पर पड़ रहा है।



**ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा फिर से की गई छापेमारी की कार्रवाई को कांग्रेस ने भाजपा प्रायोजित द्वेषपूर्ण राजनीति बताया। कोंडागांव जिले के दहीकोंगा क्षेत्र में ईडी का पुतला फूंका गया और जोरदार नारेबाजी के साथ विरोध जताया गया।

**प्रदर्शन में शामिल प्रमुख नेता व कार्यकर्ता:** इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे मोहन मरकाम पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, बुधराम नेताम जिलाध्यक्ष कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी, झूमुक दीवान पूर्व जिलाध्यक्ष, रितेश पटेल महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी, गीतेश गांधी महामंत्री, सकुर खान वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, संजय करन कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष, नरेंद्र देवांगन कार्यकारी शहर अध्यक्ष, हरमोहन कोहली कोषाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी हेमा देवांगन अध्यक्ष, शहर महिला कांग्रेस, भगवती पटेल, गुणमती नायक, उमा दीवान, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, सरिता देवांगन, सतीश नेताम, भुप्पी ध्रुव, बलदेव मरकाम, वरुण सेठिया, जयराम मरकाम, पीलाराम नेताम सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। यह प्रदर्शन न केवल बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ आवाज था, बल्कि सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों और विपक्ष को दबाने के प्रयासों के खिलाफ कांग्रेस की एकजुटता का संदेश भी है।



## बिजली बिल बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, घेरा बिजली ऑफिस

**केशकाल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केशकाल एवं धनोरा के सामूहिक नेतृत्व में स्थानीय बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी के साथ रैली निकाल साय सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हल्ला बोला। बिजली दफ्तर का घेराव करके सक्षम अधिकारी को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के साथ-साथ प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की सरकार अपना फैसला वापस ले। सरप्लस बिजली वाले प्रदेश में बिजली कटौती बंद करे और दरों मे हुई बढ़ोतरी पर लगाम कसे। 22 जुलाई को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली ऑफिस का घेराव किया जाएगा। वही पूर्व सीएम के घर पुनः ईडी का छापा पड़ने के विरोध मे फूंका ईडी का पुतला सुबह सुबह भाजपा के इशारे मे कार्य कर रही ईडी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर दस्तक देती है। इसके पूर्व मे भी कई दफे आ चुकी परन्तु कुछ सुराख़ नहीं मिला। फिर भी कांग्रेसियो को परेशान करने के उद्देश्य से विपक्ष की आवाज को कुचलने के उद्देश्य से यह द्वेष पूर्ण कार्रवाई की जा रही है। जिसके विरोध में स्थानीय बस स्टैंड में कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी देवचंद मतलाम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक अध्यक्ष अमीन मेमन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सगीर अहमद कुरेशी ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष रतिराम मरकाम ,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष धनोरा रमेश बेलसारिया, जिला महामंत्री गिरधारी लाल सिंहा , ओमप्रकाश मरकाम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल, अरुण अग्निहोत्री,राजेंद्र ठाकुर,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग,पार्षदगण जीतेन्द्र रजक, सोहेल रजा,मोहसिन खान, पूर्व अध्यक्ष रोशन जमीर खान. रवि गोयल जिला अध्यक्ष आईटी सेल , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू मांडवी,जागेश पटेल ,अनिल उसेंडी, राजूसिंहा,सतीशनाग,दुष्यन्त राणा, नरेश सलाम, शिव सलाम मुकेश मांडवी,जनपद सदस्य रामचरित मांडवी,सुरेश कोर्राम, , सरपंच गण में मेहेश्वरी हिड़को संगीता नेताम, सुमिरन सोरी, सुनील सलाम, दयाशंकर मरकाम सुरेखा मरकाम, योगेश्वर बघेल,लातेश पांडे, कोमल पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में युकां, एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसपी ने धरोना थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/धनोरा

एसपी वाय अक्षय कुमार द्वारा थाना धनोरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक को गार्ड द्वारा सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने साफ सुथरी वर्दी में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का टर्न आउट व किट परेड का निरीक्षण किया गया। किट परेड निरीक्षण पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना भवन व परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना के समस्त अभिलेखों का अवलोकन किया। कमी पाये अभिलेखों को अपडेट करने निर्देशित किया। सीसीटीवी कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, मालखाना, सीसीटीएनएस, स्टोर व थाने के संपूर्ण शासकीय संपत्ति के रखरखाव के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने एवं अपराध नियंत्रण के संबंध में विशेष समझाइश दी गई। निरीक्षण के दौरान साफ सुथरी वर्दी, अच्छे टर्नआउट में उपस्थित, अच्छे से कर्तव्य निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने प्रोत्साहन स्वरूप ईनाम प्रदान किया। धनोरा थाने में वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम, थाना प्रभारी धनोरा सुशील पटेल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।



## एक पेड़ मां के नाम...



**कोंडागांव।** ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जय लाल नेताम ने 16 जुलाई को हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। इस मौके पर सभी स्कूल स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। सरपंच जय लाल नेताम ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, सभी को इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

## विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति और भवन सुधार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिले के दूरस्थ विकासखंड बड़े राजपुर में शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक शाला गम्हरी का दौरा कर स्कूल भवन, शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थी गणवेश में विद्यालय आएं और खेल सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, निर्माणाधीन आरआईडीएफ गोदाम का निरीक्षण कर ठेकेदार को 20 दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम सलना में निर्माणाधीन महतारी सदन भवन की धीमी प्रगति और कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदार का अनुबंध निरस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्राम कोसमी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान, भवन में सीपेज की गंभीर समस्या सामने आई। कलेक्टर ने तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश आरईएस को दिए। साथ ही, नवीन हाई स्कूल भवन के टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया।



### भर्ती महिलाओं का जाना हालचाल

कलेक्टर ने विश्रामपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। प्रसूति वार्ड में भर्ती महिलाओं से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ममता किट वितरण और ओटी प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्री बर्थ वेटिंग रूम के नए भवन का भी निरीक्षण किया और दीवारों में दरार व विद्युत व्यवस्था में खामी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सुधार कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण दौरे में एसडीएम अंकित चौहान, तहसीलदार, जनपद सीईओ, तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### 2.484 किलो गांजा जब्त तस्कर को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** पु पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली मोटरसाइकिल से गांजा छिपाकर कोंडागांव ला रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और एसडीओपी कोंडागांव रुपेश कुमार के मार्गदर्शन में, कोंडागांव पुलिस टीम द्वारा समय–समय पर विभिन्न चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कृष्ण साहू, पिता ललन साहू, निवासी बाजार पारा कोंडागांव, अपनी मोटरसाइकिल पर गांजा छिपाकर उमरकोट, ओडिशा से कोंडागांव ला रहा है। सूचना के आधार पर, डोगरीपारा चौक कोंडागांव में नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई।

## पेज 11 के शेष

### विकास और निर्माण कार्यो...

सार्वजनिक सुविधाओं के विकास से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगी और स्थानीय लोगों को सामाजिक तथा आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास की गति लगातार जारी रहेगी और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए वे सतत प्रयत्नशील हैं।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि आनंद मोहन मिश्रा,भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया, महामंत्री राजेश शर्मा,नगरनार मंडल उपाध्यक्ष सीमांचल दास,मण्डल उपाध्यक्ष मोहन सेठिया,लक्ष्मी धरत,सवीता साहनी,संपत कश्यप, दयाराम बघेल, सरपंच गारावण्ड महादेव बघेल,सरपंच सोनामनी गोयल, उपसरपंच राजेश पटेल,संगीता कश्यप, सोनसाय बघेल, शंकर गोयल,लखमू नाग,ममता ध्रुव,धनसिंग यादव, लैखन गोयल,ईश्वर कश्यप, कलावती नाग, जलकुमारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा...

बानगी है, जहाँ शाहिद आलम नामक व्यक्ति ने एक आदिवासी युवती को अगवा कर, उसे पीओके बॉर्डर तक पहुँचाकर देह व्यापार में धकेलने की कोशिश की। युवती को नशीली दवाओं का सेवन कराकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि क्षेत्र में कई फेरीवाले बिना वैध अनुमति के घूम रहे हैं। आदिवासी युवतियों से संपर्क कर रहे थे। उनकी तलाशी में कई युवतियों के मोबाइल नंबर भी बरामद हुए।

**ये रहे उपस्थितः** इस मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता, जिला विशेष संपर्क प्रमुख योगेन्द्र कौशिक, जिला सत्संग प्रमुख सोम ठाकुर, बजरंग दल के जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, जिला गौ संवर्धन प्रमुख विष्णु ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला, नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान, नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख सनी रैली, नगर सह गौ रक्षा प्रमुख पवन राजा सहित योगेश ठाकुर, शत्रुघ्न कश्यप, ईंदर, काशी चालकी, अभिषेक, तमिश, अमन, सुदेश, दीपचंद सेठिया, हेमराज कश्यप, रोहन सेठिया, यश दुबे, लक्ष्मी कांत, अमित, बलराज, जितेंद्र, जशवंत जोशी, हेमंत, पप्पू वर्मा, राजा, रोहन, नितेश ठाकुर, राजा देवांगन, चकरी राव और परदेशी भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मालगाड़ी फर्राटे से दौड़ रही...

में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पूर्वोत्तर राज्य,समेत विभिन्न प्रांतों के लोग निवासरत है। यात्री ट्रेनो को लगभग 3 सप्ताह तक स्थगित करने से रेल मंडल के अधिकारियों पर भारी आक्रोश है। उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास ने बताया भले ही हम छत्तीसगढ़ के निवासी है,लेकिन आज भी हमारे समाज का ओडिशा में रोटी-बेटी का सम्पर्क है। यहां के लोगो का ओडिशा के विभिन्न शहरों में रिश्ता है। जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर, कटक, बरहमपुर, कोरापुट, राउरकेला, जैपुर अनेक शहरों में ट्रेन के वर्षभर आना-जाना लगा रहता। यात्री ट्रेनो को स्थगित कर रखना रेल मंडल अधिकारियों की हठधर्मिता स्पष्ट परिलाक्षित हो रहा है।

बस्तर आंध्र समाज के अध्यक्ष जयंत नायडू ने कहा रेल मार्ग बस्तर को दक्षिण भारत से जोड़ने का एक सुलभ माध्यम है। चिकित्सा सुविधा के मामले में पिछड़े बस्तर में आज ज़्यादातर बस्तरवासी बेहतर इलाज के लिए विशाखापटनम के अस्पतालों पर आश्रित हैं। बड़ी संख्या में यहां के बच्चे विशाखापटनम, भुवनेश्वर, हैदराबाद, बेंगलूरू, चेन्नई जैसे शहरों की शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई कर रहें हैं। ओड़िशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक आदि राज्यों से आकर बस्तर में बसे लोग भी प्रतिदिन आवाजाही हेतु रेल सुविधा का लाभ लेते हैं। मैत्री संघ बंगाली समाज के अध्यक्ष दीपक घोष ने कहा हमारे समाज का समूचा कुनबा पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े है। हर वर्ष दुर्गा पूजा में परिवार के साथ पर्व मनाने समाज के बड़ी संख्या में लोग कोलकाता, हुबली समेत अन्य शहरों की यात्रा करते है। ऐसे में सम्लेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन सबसे सुविधाजनक ट्रेन है। इस गाड़ी को अकारण दो सप्ताह से ज्यादा दिन रोके रखना अनुचित है। रेल मन्डल के अधिकारियों को शीघ्र ही कोई उचित निर्णय लेकर स्थगित यात्री ट्रेनो को बहाल करना चाहिए। पूर्वांचल प्रांत से सबंधित निगम के एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता ने कहा वे 17 जुलाई को राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस में 40 टिकट का आरक्षण एक माह पूर्व कराया था। लेकिन रेल मंडल ने राउरकेला एक्सप्रेस का परिचालन आगामी 23 जुलाई तक स्थगित रखने का आदेश जारी कर दिया। पुत्र की सगाई के लिए परिवार को राउरकेला 18 जुलाई को हर हाल में पहुंचना था। मैंने रेलवे के जगदलपुर एवं विशाखपटनम रेल मंडल के अधिकारियों से पिछले 5 जुलाई से सम्पर्क में था। गुप्ता ने बताया रेल अधिकारियों ने पहले बताया 7 जुलाई से फिर 10 जुलाई से फिर स्थगन सूचना जारी करते 15 जुलाई तक ट्रेनो के स्थगित रखने का आदेश जारी करते बताया 17 जुलाई से ट्रेनो का परिचालन शुरू किया जा जाएगा। लेकिन 15 जुलाई को नया आदेश जारी करते ट्रेनो का परिचालन आगामी 23 जुलाई तक कर दिया गया।

### बच्चों को नशा से दूर रहने...

वासनिक और दया दास मानिकपुरी,आबकारी विभाग से सुरेश पुरैना और कार्यशाला में ब्रह्म कुमारी संस्था से राजेंद्र पाण्डे, नकुल, बाल संरक्षण गृह संस्था के अधिकारी कर्मचारी में अंजली श्रीवास, पुष्पा नायडू,लिजी एंजलिन,ममता टोप्पो,हेमकुमार,रोहित ठाकुर व समस्त स्टाफ व बच्चे शामिल रहे, विशेष सहयोग नारकोटिक्स विभाग जिला प्रमुख निवास वर्मा का रहा।

### रक्षाबंधन पर महिला मोर्चा...

की बहनें, महतारी वंदन से लाभान्वित बहनें, भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता सभी इस नेक काम में अपनी सहभागिता दे रहे हैं। महापौर संजय पाण्डे ने भी एक हजार राखियाँ महिला मोर्चा की बहनों को दिया। संजय पाण्डे ने कहा रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के स्नेह का पर्व है। हर साल महिला मोर्चा की बहनें रक्षाबंधन पर्व को बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाती हैं। रक्षाबंधन पर भाजपा महिला मोर्चा की बहनों की यह भावनात्मक पहल सराहनीय है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा देश की रक्षा में लगे हमारे वीर सपूत हमारे सच्चे रक्षक हैं। रक्षाबंधन पर हम उन्हें राखी भेजकर यह संदेश देना चाहते हैं कि पूरा देश उनके साथ है और उन्हें अपना भाई मानता है। इस भावनात्मक पहल से न केवल जवानों को मनोबल मिलेगा, बल्कि देश के नागरिकों और सैनिकों के बीच भावनात्मक संबंध भी और मजबूत होंगे। प्रदेश के आव्हान पर सभी जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बस्तर जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता अलग-अलग जगह से राखियां एकत्र कर रही हैं।

**ये रहीं उपस्थितः** भाजपा कार्यालय में महापौर संजय पाण्डे, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,सुधा मिश्रा,सफिरा साहू, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल,उमा मिश्रा, गायत्री कश्यप,नेहा ध्रुव, रोशन सिसोदिया, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव,ममता राणा,लक्ष्मी कश्यप, किरण सेन, विभा सिंह, डाकेश्वरी पांडे, ललिता बघेल,कुसुम परिहार,माहेश्वरी ठाकुर, अलका सेंगर, माधवी मंडल, रेखा सिंह, रामकुमारी यादव, अनीता पटेल,अनीता भारत, मीना विश्वकर्मा, गीता नाग, शोभा रानी, करमजीत कौर, किरण दीवान, झरना मोहंती सहित महिला मोर्चा की बहनें उपस्थित रही।

## सुबह 10 बजे से शुरू होगी परीक्षा, 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्रों के दरवाजे हो जाएंगे बंद

# 27 जुलाई को होगी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा, दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 27 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। यह परीक्षा सुबह 10:00 बजे से 12रू15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें, ताकि उनकी फ्रिस्किंग तलाशी और पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसलिए समय का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य है।

### परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज

प्रवेश पत्र सभी पेज का प्रिंट आउट लें और इसे एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। चयन के समय प्रवेश पत्र मांगा जाएगा, अतः इसे सुरक्षित रखें। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। मूल पहचान पत्र मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, या आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो में से कोई एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में साथ लाना अनिवार्य है। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत न करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। पासपोर्ट साइज फोटो यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र पर जाएं।

### ड्रेस कोड व वर्जित वस्तुएं

परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और चप्पल पहनकर आने का निर्देश दिया गया है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। इसके अतिरिक्त, परीक्षा प्रारंभ होने के पहले और समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें। निर्देशों का पालन न करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जा सकता है, और परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

फीचर इम्पेक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये


**Advance Diploma in Industrial Safety**



इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थीयों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN — FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)

M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**

प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025

website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery

**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur

**B.Tech. Agricultural**

**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



☏ 62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### जांगला में उर्वरक विक्रय पर लगा प्रतिबंध

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार व उपसंचालक कृषि पीएस कुसरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय गठित टीम के सदस्य सहायक संचालक कृषि व कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक के द्वारा जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित नेलसनार, भैरमगढ़ व जांगला के उर्वरक विक्रय केंद्रों व गोदाम में उर्वरकों के भंडारण, वितरण व शेष की जानकारी, पंजियों के संधारण पीओएस मशीन से उर्वरक विक्रय के संबंध में हाल ही में निरीक्षण व जांच किया गया। निरीक्षण व जांच में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भैरमगढ़, नेलसनार तथा जांगला में उर्वरक विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से नहीं किया जाना, साप्ताहिक मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाना, स्टॉक रजिस्टर नियमित संधारित न करना, बोर्ड पर उर्वरकध्बीज के स्टॉक व मूल्य को प्रदर्शित नहीं किए जाने संबंधी अनियमितता पाई गई जो कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 4 (अ) खंड 4(ब) तथा खंड 35 का उलघंन है।

### परीक्षाओं में सफलता के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आज

**बीजापुर।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर जिले के समस्त इच्छुक अभ्यर्थियों को सीजीपीएससी एवं सीजीव्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने हेतु बीजापुर कैरियर एकेडमी में निःशुल्क कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अभ्यर्थियों से सकारात्मक चर्चा करने हेतु 19 जुलाई को निःशुल्क मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद जायसवाल डीएसपी बीजापुर होंगे।

### सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर। छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में सुखराम हेमला की मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के पत्नि आवेदक श्रीमती प्रमिला हेमला को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### बसों और ट्रकों के साथ अन्य कमर्शियल वाहनों की जांच की गई

# 72 घंटे में 62 बस व ट्रक समेत 256 वाहनों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

हाईवे में लगातार हो रहे सड़क हादसों के बीच यातायात व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पिछले 72 घटें में रंग बिरंगी तेज रोशनी लगाकर ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले 62 बस व ट्रक समेत 256 वाहनों चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर समन शुल्क वसूला गया।

■ रंग बिरंगी व तेज रोशनी कर ओवर स्पीड से चलने वाले बस, ट्रक एवं अन्य वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सड़क दुर्घटना के रोकथाम एवं बचाव के लिए संपूर्ण बस्तर जिले में बहुरंगी लाईट लगा कर तेज





रोशनी एवं तेज ध्वनि वाला हॉर्न लगा कर स्पीड गति से चलने वाले बस तथा ट्रक चालकों पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के साथ संयुक्त टीम बना कर मोटर यान अधिनियम के तहत सख्ती से प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस दौरान स्पीड गवर्नर के 21 मामले, बहुरंगी लाइट व तेज रोशनी के 23, प्रेशर हॉर्न के 15, ओवर स्पीड के 19, बिना सीट बेल्ट के 34, शीशे पर ब्लैक फिल्म के 2 के साथ ही अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने के लगभग 140 मामलों समेत कुल 256 वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में 62 बसें व ट्रक चालक भी शामिल थे जिन्होनें यातायात नियमों की अवहेलना की।

### वाहन चालकों को समझाईश के साथ चेतावनी

कार्रवाई के दौरान यातायात डीएसपी संतोष जैन व यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर रोड, तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 63 गीदम रोड स्थित आमागुड़ा चौक, आसना चौक, केशलूर चौक, एनएमडीसी चौक व अन्य स्थानों पर बसों एवं ट्रकों तथा अन्य कमर्शियल वाहनों की चेकिंग की गई। डीएसपी ने बताया कि जांच के दौरान बसों से यात्री परिवहन एवं ट्रकों से माल परिवहन के दरम्यान कई बार ये देखने में आ रहा था कि बस एवं ट्रक चालक गंतव्य तक जल्दी पहुंचने के चक्कर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते हुए सड़कों में सरपट वाहन दौड़ाते थे जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कार्रवाई के दौरान डीएसपी संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसदन नाग, क्षेत्रीय परिवहन विभाग डीसी बंजारे एवं यातायात से सुदर्शन दुबे, सुखदेव बघेल, के अलावा यातायात एएसआई अनिल कुलदीप, यतेंद्र देवांगन, प्रवीण जोशी, राजकुमार ऑडील, प्रधान आरक्षक प्रकाश देवांगन एवं अन्य यातायात के स्टाफ तथा अन्य स्टाफ द्वारा चेकिंग कर कार्यवाही की गई है।

### प्रदेश फेडरेशन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ संयुक्त संचालक से की मुलाकात



**दरभा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला बस्तर के पदाधिकारियों द्वारा बस्तर संभाग में नवपदस्थ संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडे से मुलाकात की। सौजन्य मुलाकात के दौरान शिक्षकों से सम्बंधित विभिन्न परेशानियों एवं समस्याओं से अवगत कराया गया उनके द्वारा हर संभव शिक्षक हित में समाधान करने का आश्वासन दिया गया। मुलाकात के दौरान बस्तर संभाग प्रभारी एवं प्रांतीय महामंत्री आर डी तिवारी, जिला अध्यक्ष डॉ अखिलेश त्रिपाठी, प्रांतीय प्रवक्ता विधुशेखर झा, संभागीय महामंत्री अरुण देवांगन, सचिव निरंजन दास, कोषाध्यक्ष अशोक यादव एवं जिला उपाध्यक्ष आनंद एस अय्यर एवं अन्य उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने नव पदस्थ संयुक्त संचालक से की भेंट

गीदम। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभाग स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर के नेतृत्व में बस्तर संभाग के नव पदस्थ संयुक्त संचालक राकेश कुमार पांडे से उनके कार्यालय में भेंट कर उन्हें बस्तर आगमन पर बधाई दी और विभिन्न शिक्षकीय, प्रशासकीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। संयुक्त संचालक ने अवगत कराया कि वे आगामी 15 अगस्त तक संभाग में रिक्त माध्यमिक प्रधान पाठकों के पद पर पदोन्नति दे देंगे उसके बाद उच्च श्रेणी शिक्षकों के पद भी पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी। संलग्नीकरण पर ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर उन्होंने शासन के निर्देश के बाद भी मूल शाला में नहीं लौटने वाले शिक्षकों पर तो वे कार्यवाही करेंगे ही बल्कि उनको श्रय देने वाले अधिकारियों पर भी कार्यवाही करने की बात प्रमुखता से कही। पूरे संभाग में विभिन्न कार्यालयों में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भी जानकारी ली जा रही है उन्हें भी शाला में वापस किया जाएगा। युक्तियुक्तकरण पर उनकी तीखी नजर है वे इसे सुलझाना चाहेंगे। छात्रावास अधीक्षक के रूप अन्य विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति पर उन्होंने सख्त रुख दिखाया और तत्काल रिपोर्ट तलब की। शिक्षक संघ ने उन्हें सकारात्मक और सक्रिय सहयोग का वादा किया । इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, संभाग अध्यक्ष कृष्णदत्त राय, संभाग सचिव डमरूधर पांडे, टिकेश ठाकुर, शैलेन्द्र भदौरिया, हरीश पाठक, देवदास कश्यप, निर्मल शार्दूल, अमर सिंह नाग सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की समस्याओं पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष जगदलपुर, सुकमा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडे से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बस्तर संभाग में पदस्थ होने पर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने संभाग में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उनके संज्ञान में लाया। प्रमुख रूप से माध्यमिक शालाओं में प्रधान पाठक एवं शिक्षक पदों पर लंबित पदोन्नति, युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में उत्पन्न हो रही व्यावहारिक कठिनाइयां एवं इससे अतिशेष हो रहे शिक्षकों की समस्याएं प्रमुख मुद्दे रहीं। प्रतिनिधिमंडल में बस्तर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, प्रदेश सचिव उमेंद गोती, कृष्णा मुचाकी जिला अध्यक्ष, गवर सिंह कुंजाम, गणेश कुमार टंडन, सत्यवान ओटी, सोमरू कश्यप सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संघ ने उम्मीद जताई कि पांडे के नेतृत्व में शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं का सकारात्मक निराकरण होगा और शैक्षणिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनेगी।

## फायनल में पहुंची आड़ावाल व फुटबाल एकेडमी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित स्व सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी कम नॉक ऑउट फुटबाल स्पर्धा में शुक्रवार को खेले गए दोनों सेमी फायनल मुकाबले में जंगबाज व मैत्री सघं को हराकर आड़ावाल व फुटबाल एकेडमी फायनल में पहुंचने में कामयाब रही। दोनों के बीच रविवार को डीएफए ट्राफी के लिए फायनल मुकाबला होगा।

पहला सेमी फायनल मुकाबला फुटबाल एकेडमी विरूध मैत्री संघ के मध्य खेला गया जो एकतरफा रहा। फुटबाल एकेडमी की ओर से आयुष सोनी, अमित नाग, रोहित भारती व के जॉन प्रतीक ने अपनी टीम के लिए पांच गोल किए। इसके मुकाबले मैत्री सघं की ओर से एकमात्र गोल ऋषिकेश मल्लिक ने किया। इस मैच में मुख्य निर्णायक यूएस दीपक के अलावा नितीश लाल, विक्की पोडाल व मोतीलाल पोयाम रहे।

स्पर्धा का दूसरा सेफा मुकाबला जंगबाज विरूध आड़ावाल फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। जंगबाज की ओर से एकमात्र गोल शेख अलि ने किया जिसके मुकाबले आड़ावाल फुटबाल क्लब की ओर से जयराम व कुन्दन ने तीन गोल कर मैच अपनी टीम के नाम करने में कामयाब रहे। इस मैच में मुख्य निर्णायक विश्वजीत भट्टाचार्य के अलावा अगेन्द्र नाग, दीपक डहरिया व सुमीत नाग रहे।

### मैत्री सघं के दो खिलाड़ी को यलो कार्ड

पहले सेमीफायनल मुकाबले के दौरान मुख्य निर्णायक उमाशंकर दीपक द्वारा मैत्री संघ के जर्सी नम्बर 15 शुभम शर्मा को मैच के 33 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 9 मिहिर को मैच के 49 वें मिनट में यलो कार्ड दिखाया गया। स्पर्धा का फायनल मुकाबला रविवार दोपहर ढाई बजे से फुटबाल एकेडमी विरूध आड़ावाल फुटबाल क्लब के मध्य खेला जाएगा।

### सांसद पहुंचे दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से की मुलाकात



दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप द्वारा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन में संचालित आरजे प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे युवाओं से मुलाकात कर संवाद किया गया। इस मौके पर सांसद ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से उनके अनुभव साझा किए, उनके सवालों का जवाब दिया और रेडियो, जनसंचार तथा संवाद कला से जुड़े विभिन्न विषयों पर युवाओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि, "बस्तर के युवाओं में रचनात्मकता, जिज्ञासा और अभिव्यक्ति की अद्भुत क्षमता हैं और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें नए अवसरों की ओर ले जाते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने रेडियो जॉकी आरजे बनने से जुड़ी तकनीकी जानकारी, प्रस्तुति कौशल, स्क्रिप्ट लेखन और साक्षात्कार विधा जैसे विषयों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। इसी क्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा सांसद महेश कश्यप का एक रोचक सजीव साक्षात्कार भी लिया गया, जो सवाल-जवाब, और सीख से भरपूर रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बस्तर के युवाओं को रेडियो और जनसंचार के क्षेत्र में न केवल प्रशिक्षण देना है, बल्कि उन्हें रोजगार, आत्मविश्वास और सामाजिक नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करना भी है। इस अवसर पर रेडियो स्टेशन की टीम, प्रशिक्षकगण और बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सांसद ने सभी प्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और रेडियो के माध्यम से सकारात्मक समाज निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया।

### मतदाता जागरूकता के लिए कॉलेजों और विद्यालयों में आयोजित होंगे विशेष शिविर

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने हेतु जिले के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में आज संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के भू-तल स्थित शंकनी सभाकक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शिविरों के सफल संचालन हेतु सभी शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप नोडल अधिकारी एवं कैंपस एंबेसडर की नियुक्ति, शिविरों की तिथि निर्धारित कर उसे निर्वाचन कार्यालय को सूचित करने तथा 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस ब्लाक कमेटी ने बिजली आफिस का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश गौतम के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बचेली द्वारा राज्य भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार फिर आम जनता के जेब में डाका डालने का प्रयास करते हुए बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दिया है। जिसके तहत घरेलु उपभोक्ताओं के लिये 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलु उपभोक्ताओं के लिये 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी के साथ-साथ किसानों के कृषि विद्युत दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की गयी है। जिससे आमजनता एवं किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। जिसका आज हम तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को बिजली दरो में मूल्य वृद्धि वापस लेकर प्रदेश के उपभोक्ताओं को आर्थिक बोझ से छुट दिलाने के लिए निवेदन किये हैं। बिजली आफिस कार्यालय के समक्ष रैली के माध्यम से भाजपा सरकार के



खिलाफ नारे बाजी करते हुए राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सलीम रज़ा उस्मानी, जीएस कुमार, उस्मान खान, कुमार स्वामी झाड़ी, अविनाश सरकार, संजीव साव, देवेंद्र नायक, अरुण मरावी, प्रताप मन्ना, अजय उइके, आनंद सिंह, बाला डाकुआ, किरन जायसवाल, रीना डाकुआ, सुशीला नियाल, सुनील गाईन, विजय भोगामी, ब्रह्म सोनानी, मंजू सरकार, रीना दुर्गा, किरण मेटा, जयन्ती खुर्रा, अनिता, तुलसी, बसंती, लक्ष्ममण यादव, पर्यन्त बघेल, साहिल खान, सुमित, विजय सागर, हर्ष कुमार, पूनम, शान्ति, गीता, सिंधु, धीरेन्द्र, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**बीजापुर।** सड़क दुर्घटना को रोकने सड़क दुर्घटना से मृत्यु में कमी लाने के लिए व्यापक जनजागरूकता जरूरी है। इस ओर नियम विरूद्ध वाहन चालन करने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाए इस दिशा में संबंधित विभागों द्वारा समन्वित रूप में प्रयास किया जाए उक्त निर्देश सांसद बस्तर महेश कश्यप ने जिला कार्यालय में आयोजित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में दिए। वहीं एक वर्ष के भीतर हुए सड़क दुर्घटना के कारणों सहित यातायात नियमों के पालन लाईसेंस बनवाने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बच्चे, परिवार और समाज को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा जिला न्यायालय के जज अनंतदीप तिर्की रहे। अपने प्रेरक उद्बोधन में जज ने बच्चों को बताया कि बाल विवाह न केवल समाज के लिए अभिशाप है बल्कि यह कानूनन अपराध भी है।

■ बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। जज ने विद्यार्थियों को उदाहरण देकर समझाया कि कम उम्र में विवाह से शिक्षा रुक जाती है स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और बच्चियों का पूरा जीवन समस्याओं से घिर जाता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने परिवार और समाज को भी इस विषय में जागरूक करें तथा कहीं भी बाल विवाह होते देखें तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। कार्यक्रम में विद्यालय के राज्यपाल सम्मान प्राप्त शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने भी बाल विवाह की कुप्रथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा से वंचित कर देना सबसे बड़ा अपराध है। बाल विवाह से उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा कन्या शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर बेटियां आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने बच्चों से संकल्प दिलवाया कि वे कभी भी बाल विवाह को प्रोत्साहित नहीं करेंगे और न ही होने देंगे। कार्यक्रम में मालती नेताम, किरण बाजपेई, नोखलेलाल निषाद, सुनील कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी शिक्षकों ने भी बच्चों को इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक रहने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा जज अनंतदीप तिर्की का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे जिससे कि छात्राएं आत्मनिर्भर बनें और समाज से ऐसी कुप्रथाओं का समूल नाश हो।

## बिजली दर प्रति यूनिट बढ़ोतरी को वापस लेने को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड व करपावन्ड द्वारा राज्य भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार फिर आमजनता के जेब में डाका डालने का प्रयास करते हुए बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दिया है। जिसके तहत घरेलु उपभोक्ताओं के लिये 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलु उपभोक्ताओं के लिये 25 पै. प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी के साथ-साथ किसानों के कृषि विद्युत दर में भी 50 पै. प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की गयी है. जिससे आमजनता एवं किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। जिसका आज हम तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को बिजली दरो में मूल्य वृद्धि वापस लेकर प्रदेश के उपभोक्ताओं को आर्थिक बोझ से छुट दिलाने के लिए



निवेदन किये हैं। बिजली आफिस कार्यालय के समक्ष रैली के माध्यम से भाजपा सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड के अध्यक्ष शिवराम बिसाई,करपावन्ड अध्यक्ष उत्तमलाल नायक,विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप,जानकी राम भारती, जगमोहन बघेल, मोना पाढ़ी,नित्या चंद्राकर, दुर्जन पटेल, कमलूराम भारती, बुदरु बघेल ,सुरेश बघेल,मनीष गढ़पाले ,गोपलाल भारती, विजय चंद्राकर, मोहन झाली ,भक्तोराम,जयदेव ठाकुर उर्ध्व ठाकुर,हेमराज भारती, पुरशोती भारती, गुड्डु, कमलोचन पटेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यापमं के परीक्षा संबंधित निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में परीक्षाओं के दौरान परीक्षार्थियों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा पालन किए जाने वाले दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई और उनकी सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचे ताकि उनकी फ्रिस्किंग और पहचान पत्र का सत्यापन सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, अतः समय का विशेष ध्यान रखें। उदाहरण स्वरूप, यदि परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होनी है, तो परीक्षा केंद्र का द्वार 9:45 बजे बंद कर दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने और चप्पल का उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही किसी भी प्रकार का आभूषण, विशेषकर कान में पहने जाने वाले गहनों को पूर्णतः वर्जित किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे और समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार के संचार उपकरण जैसे मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट निकालें और प्रत्येक पृष्ठ को केवल एक तरफ से ही प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जायेगी।

